हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 जून 2024



04 आखिर नहीं थम पा रहा जंगल की अवैध ...



07 एक लाख 40 हजार में रिपेयर हुआ था वैक्सीन...






## खबर संक्षेप

### शारीरिक परीक्षा और टेस्ट 2 जुलाई से

**सीहोर।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 25 मई 2023 से 20 जून 2023 तक कराई गई थी। परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया था। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी की परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट जेल विभाग लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नाप खोज एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम भोपाल में 2 से 7 जुलाई तक है। विस्तृत विवरण मप्र कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### इंजीनियरिंग कॉलेजः प्रवेश के पंजीयन शुरू

**सीहोर।** तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने शेड्यूल जारी कर दिया है। 19 पाठ्यक्रमों के लिए कोर्स वार अलग से शेड्यूल जारी किया गया है। इनके लिए गुरुवार से पंजीयन शुरु हुए हैं। सभी तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में अलग-अलग पाठ्यक्रमों के पंजीयन भी अलग-अलग तारीखों में होंगे। पंजीयन, सत्यापन, मेरिट चयन, कॉमन मेरिट, आवंटन पत्र सहित अन्य सभी प्रकार की जानकारी डीटीई की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

### प्रवेशोत्सव 18 से, तीन दिन सांसद, विधायक और अफसर भी आएंगे

**सीहोर।** अगले सप्ताह से स्कूल खुल जाएंगे। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के स्कूलों में स्कूल चलो अभियान के तहत तीन दिन तक प्रवेशोत्सव मनाने के लिए सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं। स्कूलों में प्रवेशोत्सव 18 से 20 जून तक चलेगा और इसमें बच्चों के बीच सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, जिला पंचायत अध्यक्ष, अफसर तथा अन्य गणमान्य लोग पहुंचेंगे। इन तीनों ही दिन स्कूलों में अलग-अलग गतिविधियां की जाएंगी, जिनमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों को भी जोड़ा जाएगा। इस प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों को सालभर स्कूल आने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। 18 जून को स्थानीय सांसद, विधायक किसी एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

### माह जून मलेरिया निरोधक के रूम में मनाया जाएगा

**सीहोर।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेत्यक वर्ष माह जून मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष भी माह जून मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाये जाने के लिए भारत शासन एवं राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत जून माह मलेरिया निरोधक के रूम में मनाया जाएगा।

**परेशानी:** जिम्मेदारों की अनदेखी, चालानी कार्रवाई नहीं होने से शहर में ऐसे नजारे हो रहे हैं आम

# बीच सड़क पर निर्माण सामग्री का ढेर, कई जगह कटी पड़ी हैं लकड़ियां, गिर रहे हैं वाहन

अभी तक सड़कों पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर सख्ती नहीं हो सकी है। जब तक इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई नहीं होगी तब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में कई निर्माण के काम चल रहे हैं। इनके कारण लोग इसलिए परेशान हैं कि सड़कों पर ही सामग्री पटक रखी है। ऐसे में सड़कों पर सामग्री पड़ी होने से चार पहिया वाहनों को निकलने में परेशानी होती है तो दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर पड़ते हैं।

ऐसा एक जगह नहीं बल्कि कई जगह यही स्थिति बनी हुई है। कई जगह तो लकड़ियों को सड़क किनारे काटकर ढेर लगा रखा है। अब ऐसे में यहां पर भी हादसों का खतरा बना रहता है, लेकिन इसकी जिम्मेदारों को कोई परवाह नहीं है। अभी तक सड़कों पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर सख्ती नहीं हो सकी है। जब तक इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई नहीं होगी तब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा।

नगर में कई स्थानों पर भवन निर्माताओं द्वारा सड़क पर ही रेत गिट्टी व अन्य सामग्री रखकर भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे न सिर्फ यातायात बाधित हो रहा है बल्कि हादसों की आशंका भी रहती है। शहर की कई कॉलोनियों में मकान का निर्माण कार्य चल रहे हैं। इस कारण आवाजाही करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि मार्ग में फैली गिट्टियां और मटेरियल परेशानी का सबब बनी हुई हैं।



### इन मार्गों पर चल रहा निर्माण

शहर के छावनी, गांधी रोड, गंगा आश्रम व अन्य स्थानों पर भवन निर्माण व अन्य कार्य चल रहे हैं। लोगों ने सड़क किनारे ही रेत, गिट्टी, बिल्डिंग मटेरियल व अन्य सामग्री रोड पर ही पटक रखी है। जिससे यातायात बाधित होता है और लोगों को दिक्कत होती है। वहीं हादसे का भी डर बना रहता है।

### हाथ ठेलों से भी परेशानी

मुख्य बाजारों में रोड के दोनों तरफ खड़े वाहनों और ठेलों के कारण भी हादसों का खतरा रहता है। इन वाहनों के दोनों साइड खड़े होने से 20 फीट चौड़ी सड़क सिमटकर 12 फीट की रह जाती है जिससे बार-बार जाम की स्थिति बनती है। पुराने भोपाल इंदौर हाइवे पर तो वाहन लाइन से खड़े होते हैं जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होता है। हाथ ठेलों को खड़ा कराने के लिए अभी भी हॉकर्स जोन नहीं बन सके जिससे यह परेशानी आज भी बनी हुई है।

**सड़कों के बीच में रेत से लेकर गिट्टी और ईंटें :** मकान निर्माण करने वाले लोग भी रेत, गिट्टी, बिल्डिंग मटेरियल को सड़क किनारे ही डंप करा रहे हैं। मकान निर्माण करने वाले लोगों ने निर्माण सामग्री को मार्ग पर ही फैला कर रखा है। शहर के विभिन्न कॉलोनी समेत मुख्य रास्तों पर रेत, ईंट, गिट्टी अन्य सामग्री को एकत्रित कर सड़क पर रखा जा रहा है, जिससे वाहनों की आवाजाही के कारण निर्माण सामग्री सड़कों पर ही फैल गई हैं, जिससे दो पहिया वाहन के अचानक सामने आने पर ब्रेक लगाने पर फिसल कर गिरने का डर रहता है। तो वहीं मार्ग किनारे रखे मटेरियल के कारण वहां यातायात की समस्या अधिक बनती है।

### शहर में कई जगह चल रहा काम

शहर की बात करें तो कई जगह इन दिनों निर्माण केव काम चल रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। नगर पालिका को इस तरह के लोगों पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए। इस तरह से यातायात बाधित करने से आए दिन लोगों को परेशानी होती है। निर्माण सामग्री को यदि सड़क से उठा लिया जाए तो समस्या का समाधान हो जाए।

### गणेश मंदिर रोड पर सबसे ज्यादा समस्या

गणेश मंदिर रोड पर लोगों को आवाजाही में सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शुगर फैक्ट्री चौराहा से गणेश मंदिर रोड पर लकड़ी को काटकर पटक दिया है। ऐसे में हादसों का खतरा बना रहता है। इन लकड़ियों को हटाया जाना चाहिए ताकि वाहन चालकों को परेशानी ना हो।

## जताखेड़ा जोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गिरकर हुआ अचेत, सीहोर रेफर

**सीहोर।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर सीहोर जिले में शुक्रवार दोपहर करीब 1:45 बजे दुर्घटना हो गई। यहां जताखेड़ा जोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को एंबुलेंस से सीहोर रेफर किया गया है।



बाइक सवार मनोज कुमार मालवी निवासी ग्राम देढी अपने गांव से सीहोर जा रहा था। जता खेड़ा जोड़ से आगे एचपी पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन की टक्कर से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना के बाद मनोज अचेत हो गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, उन्होंने घायल को सड़क से एक साइड में किया। उस पर पानी डालकर होश में लाने का प्रयास किया। इस बीच कुछ लोगों ले एंबुलेंस को सूचना दी है। सड़क पर गिरने के कारण उसके सिर में चोट आई है। सिर से खून भी निकल आया है।

युवक ने हेलमेट भी लगाए था, लेकिन दुर्घटना के बाद सड़क पर गिरते समय उसका हेलमेट निकल गया। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल सीहोर पहुंचाया।

## बादल छाने से गर्मी से राहतः 36 पर पहुंचा जिले का अधिकतम तापमान, 18 से 20 जून तक दस्तक दे सकता है मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलती रही। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि जिले में मानसून 18 से 20 तारीख के बीच दस्तक दे सकता है।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिले में नौ तपा के बाद भीषण गर्मी में कमी दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। वही आसमान पर भी बादल छाए हुए हैं, जिसके कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है। देखा जा रहा है कि सुबह से ही मौसम में कुछ परिवर्तन हुआ है। कभी धूप कभी छांव की स्थिति लगातार बनी हुई है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि अभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव चल रहा है, लेकिन हवाओं की रफ्तार सामान्य से अधिक है। ऐसे में ड्राई स्पेस का दौर कहा जा सकता है। इस माह 18 से 20 जून के बीच सीहोर जिले में मानसून दस्तक दे सकता है। अभी दो-तीन दिन मौसम का मिजाज सामान्य ही रहने का अनुमान है।



### जिले में शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित

**सीहोर।** जिले में टीकाकरण की सघनता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ययोजना का निर्माण किया जा रहा है। कार्ययोजना निर्माण और क्रियान्वयन के लिए यूएनडीपी के सहयोग से 0 डोज इमप्लिमेंटेशन प्लान के क्रियान्वयन किया जायेगा। भारत शासन ने 11 राज्यों के 143 जिलों का चयन किया है। जिसमें मध्यप्रदेश के 15 जिलों मे सीहोर जिला शामिल हैं जहां 1 वर्ष तक के 0 डोज प्राप्त बच्चों की संख्या अधिक पायी गई है।मिशन संचालक एनएचएम ने कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग के लिए महत्वपूर्ण अवसर है कि टीकाकरण में पीछे रह गये क्षेत्रों को अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का विशेष सहयोग प्राप्त होने जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अमले को इस मौक़े लाभ लेकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग से प्रयास करने और संस्थाओं को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

डब्ल्यूएचओ द्वारा समस्त जिलों की कार्ययोजना 30 जून तक कम्प्यूटरीकृत कर ली जाएगी। यूएनडीपी के सहयोग से 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों का टीकाकरण रिकॉर्ड यूविन पोर्टल में अपडेट किया जायेगा। जेएसआई द्वारा शत प्रतिशत वैक्सीनेटर के मॉड्यूल आधारित प्रशिक्षण 30 जुलाई तक पूर्ण किया जाएगा।

## सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों से अभद्रता करने, धमकी देने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**भैरुंदा।** 3 जून को डॉक्टर राहुल, डॉ. राजशेखर व डॉ. सौरभ द्वारा थाना भैरूंदा पर सूचना दी विनोद धावरे उसकी पत्नी के इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी पत्नी का उचित इलाज किया गया। विनोद धावरे द्वारा अपनी पत्नी के इलाज के संबंध में डाक्टर सौरभ व मौके पर उपस्थित डाक्टर राहुल दांगी व राजशेखर को धमकी दी तथा हमला करने की कोशिश कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया। आरोपी विनोद धावरे पिता माखनलाल धावरे निवासी सुभाष कालोनी सीहोर नाके के पास भैरुंदा के विरुद्ध मामला दर्ज कर अपराध धारा 353 भादवि का पाया जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



अपराध पंजीयन के पश्चात घटना की गंभीरता को देखते हुऐ सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूंदा निरीक्षक घनश्याम दाँगी द्वारा अपराध क्रमांक 283/24 धारा–353 भादवि में आरोपी की तलाश हेतु गठित टीम ने आरोपी की तलाश हेतु दल को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त किया जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी 12जून को मुखविर की सूचना पर दुर्गा चौक से विनोद धावरे पिता माखनलाल धावरे उम्र 45 साल निवासी सुभाष कालोनी भैरुंदा को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। सराहनीय भूमिका राजेन्द्र चंद्रवंशी, जितेन्द्र मीणा, कमलेश का सराहनीय योगदान रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम दिया कलेक्ट्रेट में ज्ञापन

**सीहोर।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा जम्मू काश्मीर में हुए आतंकी हमले के मृतकों और घायलों के परिजनों को केंद्र सरकार से आठ करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने और आतंकवादियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग गई है। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जोशी को दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा ने कहा कि देश में हिंदू धार्मिक तीर्थ यात्री सुरक्षित नहीं हैं। जम्मू कश्मीर के रिगासी में हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकवादी हमले में 10 तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हो गई है और 32 तीर्थयात्री बुरी तरह घायल हैं। आतंकियों के द्वारा हिंदू तीर्थ यात्रियों के ऊपर हमला करने का स्पष्ट संकेत है कि उन्हे कशमीर से धारा 370 और अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण अच्छा नहीं लग रहा है। मणिपुर में हुई हिंसा, पंजाब में बढ़ता उग्रवाद, आतंकवाद और जम्मू रिगासी में हुई घटना से स्पष्ट संकेत है कि देश में आतंकवादियों का मनोबल बढ़ रहा है।




**खड़ी हाट पंचायत में अनोखा प्रयोगः श्मशान घाट पर लगाए पौधे, प्रत्येक पौधे में पाइप लाइन से कनेक्शन**

# अंडरग्राउंड नालियां बनाकर गांव का गंदा पानी शहर से बाहर इकट्ठा किया, फिर ट्रीटमेंट कर पौधों की सिंचाई कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पौधरोपण और उनकी सिंचाई के लिए अब ग्रामीण अंचलों में भी नई-नई तकनीक अपनाई जा रही है। ऐसा ही एक प्रयोग आष्टा विकासखंड की ग्राम पंचायत खड़ी हाट में किया जा रहा है। घरों का पानी सड़कों पर न बहे, इसके लिए पूरे गांव में पक्की नाली बनाकर उसे कवर किया गया है।

इसके बाद इन नालियों का पानी एक कवर्ड नाली से गांव के बाहर श्मशान घाट पर बड़ा गड्डा बनाकर एकत्रित किया जाता है।

यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से इस पानी को शुद्ध किया जाता है और फिर इस पानी का उपयोग पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए किया जाता है। ग्रामीणों ने यहां श्मशान घाट परिसर में ही करीब 500 पौधे लगाए हैं। इन पेड़-पौधों को भी इसी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी दिया जाता है।



### बाउंड्रीवॉल भी जनभागीदारी से बनवाई

ग्राम पंचायत खड़ी हाट के रहवासी जनभागीदारी में भी पीछे नहीं हटते। ग्राम पंचायत के बजट में यदि कमी होती है तो वे जनसहयोग से उस काम को पूरा करवाते हैं। गांव की कई सड़कें इसका उदाहरण हैं। यही नहीं यहां श्मशान की बाउंड्रीवॉल भी शासकीय अनुदान और जनभागीदारी से ही बनाई गई थी। तात्कालीन सरपंच कृष्णा बाई रमेशचंद्र वर्मा (टोपा) ने पूरे श्मशान क्षेत्र को अंतिक्रमण से मुक्त कराया और शासकीय अनुदान तथा जनसहयोग से शांति धाम की बाउंड्रीवाल भी करवाई। ताकि फिर यहां कोई अतिक्रमण न कर सकें।

### चौड़ी सड़कें और अतिक्रमण मुक्त पंचायत की मिसाल है खड़ी हाट

ग्राम पंचायत खड़ी हाट आज भी चौड़ी सड़कें और अतिक्रमण मुक्त पंचायत के रूप में जानी जाती है। शहर से ज्यादा चौड़ी सड़कें इस गांव में है। यहां अधिकांश ग्रामीण का संपत्ति कर भी पूरा जमा है। यही वजह है कि शासन की योजनाओं का लाभ इस पंचायत को पूरा मिलता है। यही नहीं यहां के ग्रामीण जन सहयोग में भी पीछे नहीं हटते। ऐसे ही जनसहयोग से ग्राम पंचायत ने वर्ष 2017-18 में शांति धाम की बाउंड्री वाल बनवाई थी। शांति धाम की बाउंड्रीवाल के बाद क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए करीब 500 से अधिक पौधे यहां लगाए गए थे। इनमें से अधिकांश पौधे अब बड़े हो गए हैं। इन पौधों को लगातार पानी मिल सके इसके लिए यहां बोर भी करवाया गया है और बोर से पाइन लाइन बिछाकर प्रत्येक पौधे तक कनेक्शन भी दिया गया है। लेकिन ग्राम पंचायत ने यहां पौधों को पानी देने के लिए वाटर फिल्टर प्लांट भी तैयार किया है। तात्कालीन सरपंच कृष्णा बाई रमेशचंद्र वर्मा (टोपा) के कार्यकाल में पूरे गांव का पानी कवर्ड नालियों से शांति धाम में बने प्लांट तक लाया जाता है। इसके बाद इस पानी का ट्रीटमेंट करके पौधों में दिया जाता है।

## मत्स्य क्रय-विक्रय पर 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक प्रतिबंध

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिगत रखते हुए और उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी प्रकार के जल संसाधनों में जहां पर मत्स्य प्रजनन की संभावना को देखते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है।

कलेक्टर सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार अधिनियम-1981 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रुपए जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जारी आदेशानुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी,नालों से नहीं है, और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, मत्स्य क्रय-विक्रय न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य किसी को सहयोग दें।

## रिपेयरिंग के बाद चार महीने भी नहीं दौड़ पाया सड़कों पर

# एक लाख 40 हजार में रिपेयर हुआ था वैक्सीन वाहन, अब फिर खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

**करीब आठ माह पहले जिला अस्पताल स्थित कोल्ड चैन से जिले के अन्य विभिन्न अस्पतालों में वैक्सीन पहुंचाने एक पिकअप वाहन को वैक्सीन रथ का नाम दिया गया था। यह वैक्सीन रथ आठ माह पहले खराब हुआ। उस समय इसे भोपाल भेजकर रिपेयर करवाया गया जिसमें करीब 1 लाख 40 हजार के लगभग का खर्च आया था।**

रिपेयरिंग उपरान्त तीन-चार महीने सड़कों पर दौड़ने के उपरान्त यह वैक्सीन वाहन तीन महीने से खराब पड़ा हुआ है। सोचा जा सकता है कि 1 लाख 40 हजार रुपए में इस वाहन की रिपयरिंग किस तरह करवाई गई होगी। अगर रिपेयरिंग के समय ठीक तरीके से ध्यान दिया गया होता तो यह वाहन महज चार महीने में ही खराब नहीं होता। यह वैक्सीन वाहन अप्रेल महीने से खराब पड़ा होकर कोल्ड चैन ऑफिस के सामने ही खड़ा हुआ है। चूंकि, बजट नहीं आया है ऐसे में इसे फिर से रिपेयर भी नहीं करवाया गया है।

**आपातकालीन एम्बुलेंस से अस्पतालों में पहुंचाई जा रही वैक्सीन**




### सिर्फ बिलिंग ही तो नहीं इतनी ज्यादा

वाहन रिपेयरिंग मैकेनिकों, जानकारों ने बताया कि किसी भी वाहन की रिपेयरिंग में यदि सवा लाख रुपए के लगभग लगाए जाएं तो हम उसे पूरा नया करके दे सकते हैं। इसके साथ ही ग्यारंटी भी लेंगे कि वो दो साल तक बगैर खराबी के सड़कों पर दौड़ता रहे। अब समझा जा सकता है भोपाल में करवाई गई वैक्सीन वाहन की रिपेयरिंग में क्या वास्तव में इतने अधिक रुपए लगे होंगे या सिर्फ बिलिंग ज्यादा दर्षाई गई है।

### आपातकालीन एम्बुलेंस से भिजवाई जा रही वैक्सीन

समस्त प्रकार की वैक्सीन(टीके) पहले जिला अस्पताल स्थित कोल्डचैन आती है। कोल्ड चैन से जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य शासकीय अस्पतालों में इन वैक्सीन को पहुंचाने अब एम्बुलेंस का सहारा लिया जा रहा है। जबकि, एम्बुलेंस का उपयोग सिर्फ मरीजों को लाने-ले-जाने में ही किया जा सकता है।

**बजट नहीं है**

तीन महीने से बजट नहीं आया है, ऐसे में वैक्सीन वाहन रिपेयर नहीं करवाया जा सका है। फिलहाल एम्बुलेंस से वैक्सीन अस्पतालों में पहुंचाई जा रही है।

**बिहारीलाल,** वाहन प्रभारी, जिला अस्पताल, राजगढ़

# आरएसएस के सुरेश सोनी ने किया नवीन अस्पताल का अवलोकन

## खोयरी महादेव परिसर भी पहुंचे आरएसएस पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राष्ट्रीय स्वयं सेवक के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मूलतः राजगढ़ निवासी सुरेश सोनी के हस्तक्षेप से राजगढ़ को 300 बिस्तरीय नवीन अस्पताल की सौगात मिली है। ऐसा कहीं लिखित में नहीं है लेकिन जिलेवासियों की आवष्यकता को देखते हुए परोक्ष रूप से इस नवीन अस्पताल की स्वीकृति में सोनी का अहमयोगदान रहा है।

यही कारण है कि बुधवार शाम सोनी स्वयं निर्माणाधीन अस्पताल के अवलोकन पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ विभाग के आलाधिकारी उपेंद्र जैन भी साथ थे। उन्होंने जैन एवं निर्माण एजेंसी को को तय समय सीमा में अस्पताल निर्माण करने हेतु निर्देषित किया। उन्होंने नवीन अस्पताल में बन रही चाइल्ड यूनिट एवं रैनबसैरा कार्य को भी जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर, लक्ष्मीनारायण चैहार झिरी, हेमंत सेठिया, विधायक अमरसिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू, शेलेष गुप्ता, कलेक्टर हर्ष दीक्षित, कार्यपालन यंत्री जगदीष सैनी, एसडीओ सुरेष रोहानकर, इंजीनियर प्रषांत द्विवदी, निर्माण एजेंसी वीवीसीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर के कर्मचारी उपस्थित थे।

**खोयरी पहुंचकर देखे विकास कार्य**

*सुरेश सोनी ने अस्पताल निर्माण कार्य के साथ ही खोयरी महादेव मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के दर्षन किए। इसके साथ ही वहां चल रहे एवं पूर्ण हो चुके विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया। इसके साथ ही क्या और कुछ अच्छा किया जा सकता है इस संबंध में विधायक यादव व जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।*

# भानपुरा कंजर की जमीन ने फिर उगली लाखों की लहान और अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरा कंजर में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही है। इस दौरान मौके से लगभग 10 लाख कीमत का 10,000 लीटर लहान नष्ट कर 45,000 कीमत की 300 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की है। एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा बताया गया कि जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरा में कंजर डेरों पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध शराब का निर्माण किये जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। ग्राम भानपुरा में कंजर डेरों पर अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त शराब कारोबारियों पर कार्यवाही हेतु गुरुवार तडक़े एसडीओपी चांचौड़ा दिव्या सिंह राजावत के नेतृत्व में पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें भेजकर दविश दिलाई गई। पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों में पुलिस विभाग से चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मचल सिंह मण्डेलिया, कुम्भराज थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह, मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बुन्देल सिंह सुनेरिया, बीनागंज चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक नीरज लोधी, व इनके थाना, चौकी एवं पुलिस लाईन का बल तथा आबकारी विभाग से उपनिरीक्षक एल.आर. करोटिया अपने बल के साथ मौजूद रहे। ग्राम भानुपरा में कंजर डेरों पर पुलिस की दविश को देखकर गांव के लोग घर छोडक़र भाग निकले। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस फोर्स द्वारा ग्राम भानपुरा में कंजरों के डेरों के आसपास तलाश करने पर सोनू पुत्र राकेश कंजर के घर के पास कच्ची शराब बनाने के लिये तैयार की हुई भट्टियां एवं इसमें उपयोगी अन्य सामग्रियां मिलीं। जहां पर छोटे-बड़े ड्रमों एवं हौज में शराब बनाने के लिये तैयार किया गया लगभग10,000 लीटर लहान कीमती करीबन 10 लाख रूपये का भरा हुआ मिला। इसके साथ ही तैयार की हुई 300 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमती करीबन 45 हजार रूपये की भी छोटे-बड़े 8 ड्रमों में भरी हुई मिली।

# क्षेत्र के कोने-कोने तक पहुंचाया जाएगा पीने का पानीः विधायक अमरसिंह

## सांसद नागर के प्रथम नगर आगमन पर मनाया जीत का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़



लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर को तीसरी बार जीत मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस उपलक्ष्य में मंगलवार का खिलचीपुर तहसील के विभिन्न स्थानों पर सांसद रोडमल नागर को भव्य स्वागत सम्मान किया गया। विधानसभा के खिलचीपुर पापड़ मंडल में सांसद नागर का जीतने के बाद प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष गजराज सिंह चैहान और उनके मित्र मंडल द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित क नागर का स्वागत सम्मन किया। इस मौके पर मंडल क्षेत्र के बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कलीपीठ के मंडल में नवनिर्वाचित सांसद श्री नागर का हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी चला कर स्वागत किया गया। महिलाओं द्वार फूलों की बारिश कर स्वागत किया। वहीं श्रनागर ने भी हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन कर आभार व्यक्त किया। इसी क्रम के बाद राजगढ़ मंडल में भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा विधायक कार्यालय में उपस्थित होकर नागर का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सांसद नागर ने कहा कि अब खिलचीपुर विधानसभा का एक-एक कोने-कोने तक जहां पानी की व्यवस्था नहीं है वहां भी अब जल योजना की लाइन बिछाई जाएगी। एक भी गांव पानी से वंचित नहीं रहेगा। आज के समय में जीवन के लिए उपयोगी पर्यावरण को देकर लोगों से पौधे लगाने व उनका संरक्षण करने की प्रेरणा दी। राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार है। चहूंमुखी विकास के लिए जनता का जो मत हमें मिला है उससे अब विधानसभा में हर समस्या का हाल हम मिलकर करेंगे। पानी की कोई परेशानी नहीं होगी।

# कोई नहीं पहुंचा तो डॉक्टर ने खुद ही कर दिया रक्तदान



**राजगढ़।** जिला अस्पताल में एडमिट मोतीपुरा, कलीखेड़ा के समीप की एक महिला को बुधवार देर रात अर्जेंट ओ-पॉजिटिव ब्लड की आवष्यकता लगी। इस ग्रुप का ब्लड, रक्तकोष में भी उपलब्ध नहीं था। रक्त की नितांत आवष्यकता के संबंध में सोषल मीडिया पर मेसेज भेजा गया। इस मेसेज के बाद षिषु रोग विषेषज्ञ डॉ. गुंजन त्रिपाठी रात्रि में ही जिला अस्पताल पहुंचे और उन्होंने ब्लड डोनेट किया। चिकित्सक की इस मानवीयता पर एडमिट महिला के परिजनों ने उनका हृदय से आभार माना।

## डाक्टरों की अमानवीयता से मरीज की गई थी जान

# जांच बनी मजाक, जिला स्वास्थ अधिकारी डॉक्टरों पर मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर स्वास्थ केंद्र के डाक्टरों की जिन के करीब 45 दिन पहले अपने पिता भगवान प्रसाद मालाकार को तबियत खराब होने पर बेटा और उनके परिजन माचलपुर हॉस्पिटल लेकर आये पर वहा मौजूद ड्यूटी डाक्टर अमर सिंह धार्वे और भारत लाल शाक्य ने हड़ताल पर होने का बहाना कर ईलाज करने से मना कर दिया। तब मरीज को परिजनों द्वारा झालावाड़ राजस्थान ले वक्त रास्ते में मरीज शिवलाल मालाकार की मृत्यु हो गई! मिडिया द्वारा खबर को प्रमुखता से उठाया गया था और मृतक के पुत्र द्वारा भी पुलिस सहित जिला स्वास्थ अधिकारी को उचित कार्यवाही के हेतू आवेदन दिया था।

### जांच बनी मजाक

प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा प्रमुखता से खबर को उठाये जाने ओर मृतक के पुत्र पवन मालाकार द्वारा अपने पिता की मृत्यु का कारण दोनो डॉक्टर भारत लाल शाक्य और अमर सिंह धार्वे द्वारा ईलाज ना करने को बताया था। जिस पर एक जांच टीम का गठन जिला स्वास्थ अधिकारी किरण वाडिवा द्वारा किया गया था जांच टीम द्वारा 14 मई को मृतक के परिजनों सहित दोनो डाक्टरो के बयान लिए थे! जिसको अपनी रिपोर्ट 7 दिवस में प्रस्तुत करनी थी जिसने अपनी जांच सीएमएचओ को अपने अभिमत के साथ सौप दी थी पर आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही ना करना अनेक प्रकार की शंका कुशंका को जन्म देती है।

**रिपोर्ट भेज दी है**

हमने जांच रिपोर्ट भोपाल उच्च अधिकारियों को भेज दी है, आगे की कार्रवाई उनके द्वारा की जाएगी।

**किरण वाडिवा,** सीएमचओ राजगढ़

**बात करूंगा**

माचलपुर में जो मृत्यु हुई थी उसकी गांव वालो ने शिकायत की थी मैंने भी प्रशासन से मांग की थी की इस घंटना की जांच टीम बनाकर दोषियों पर कार्यवाही की जाए, उसकी जांच टीम भी बन गई थी। पर उस पर अब तक कोई कार्यवाही क्यों नही हुई में कलेक्टर साहब से भी बात करूंगा ओर सीएमएचओ से भी पुछूंगा की अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

**हजारीलाल दांगी,** विधायक खिलचीपुर विधानसभा

# जनपद पंचायत सीईओ ने जल संरक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया



**शुजालपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संवर्धन के विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। शुक्रवार को जनपद पंचायत शुजालपुर सीईओ रूषाली पोरस एवं जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने कामलिया एवं टिटवास में निर्माणाधीन तालाबों का निरीक्षण किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मो. बड़ोदिया की ग्राम पंचायत दुपाड़ा में गेबियन स्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है।

# नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

**ड्रग इंस्पेक्टर ने निरीक्षण कर मेडिकल किया सील अन्य मेडिकल के भी निरीक्षण के दिए निर्देश**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में करीब पांच दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित है इनमे ऐसे कई मेडिकल है जो किसी अन्य के नाम पर संचालित है या अप्रशिक्षित व्यक्ति मेडिकल पर बैठकर मेडिकल चला रहें हैं। कुछ मेडिकल पर पुरानी एवं प्रतिबंधित दवाई भी रखी रहती हैं। उक्त मेडिकल संचालक उनकी बिक्री कर मोटा मुनाफा कमाने में लगे थे किंतु गत दिनों नारकोटिक्स विभाग ने अस्पताल के सामने महाकाल मेडिकल संचालक से प्रतिबंधित 90 हजार टेबलेट जप्त कर गिरफ्तारी की जिसकी खबर प्रमुखता से समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई खबर प्रकाशन के तत्काल बाद स्वास्थ विभाग हरकत में आया और ड्रग इंस्पेक्टर ने सारंगपुर आकर मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शर्मा मेडिकल स्टोर पर कार्यवाही करते हुए सील कर दिया उक्त मेडिकल पर अल्फा जुलम टैबलेट का रिकार्ड नही मिला लेकिन टैबलेट मिली इस कारण उसे नोटिस देकर सिल किया गया। इसी दौरान नगर के अन्य मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण कर नियमों एवं शर्तो की जानकारी देते हुए निर्देशित किया की नियमानुसार मेडिकल संचालित करें अन्यथा आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

### नारकोटिक्स एवं ड्रग इंस्पेक्टर की खबर से मेडिकल संचालक सचेत

नगर में गत दिनों नारकोटिक्स विभाग की टीम तथा मंगलवार और गुरुवार को ड्रग इंस्पेक्टर का निरीक्षण होने के कारण नगर के मेडिकल स्टोर संचालक सक्ते में आ गए। खाद्य एवं औषधि नियम के अनुसार अपने अपने मेडिकल स्टोर खंगालते रहे ताकि ड्रग इंस्पेक्टर को किसी भी प्रकार की कमी न मिले अब देखना यह है की कितने दिन तक मेडिकल संचालक नियम अनुसार संचालन करते हैं।

**दिए हैं निर्देश**

शर्मा मेडिकल स्टोर पर अनियमिताएं पाए जाने पर मेडिकल को सील किया है साथ ही अन्य मेडिकल स्टोर संचालक को नियमनुसार संचालन करने के निर्देश दिए।

**दिलीप अग्रवाल**
ड्रग इंस्पेक्टर राजगढ़

### तालाब जीर्णोधार का किया भूमि पूजन

**सुठालिया।** ग्राम खनोटा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन खेड़ापति मंदिर की बाउंड्री वॉल सीसी तालाब जीर्णोधार का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया।इस मौके पर नारायण सिंह सालरियाखेडी मंडल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी भाजपा नेता अशोक अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पालीवाल ओम पालीवाल माधवी परमार रघुवीर मनीष पूर्व सरपंच बाबूलाल सोंधिया नारायण सिंह सोंधिया एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## चुने हुए सरपंच को नहीं मालूम पंचायत में कितनी योजना हैं संचालित

# पति, पुत्र, जेठ व देवर चला रहे हैं पंचायत!

**सरपंच प्रतिनिधि इतने पावर फुल की जनपद में लगा दिया ताला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




सरकार द्वारा महिला आरक्षण लागू कर संस्थाओ में पचास प्रतिशत महिलाओं को भागीदारी बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया ताकि महिलाओं को ग्राम पंचायत नगरीय निकाय में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार मिले और उनके माध्यम से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शासन की सभी योजनाओं का लाभ वह के निवासियों को मिले सुलभ सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा से शासन ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में चुने हुए सरपंचो के सहयोग हेतु दो कर्मचारी तैनात किए हैं। सचिव एवं रोजगार सहायक के सहयोग से ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम विकास के लिए पंच उपसरपंच की बैठक बुलाकर शासन की जन कल्याणकारी योजना एवं मूलभूत सुविधा को लेकर उत्साह पारित कर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित कर सकती हैं किंतु सारंगपुर में चुनी हुई महिला सरपंचो की कही भी उपस्थिति नही देखी जाती इतना ही नही जनपद स्थल पर ग्राम पंचायत सरपंचो की त्रैमासिक बैठक हो या शासन द्वारा निर्धारित किसी भी योजना की कार्य बैठक करनी हो तो सरपंच की जगह उनके पुत्र, पति,जेट या देवर ही बैठक में उपस्थित होते हैं।

### बनाते हैं बेजा दबाव

शासन द्वारा महिला सरपंचो को जो अधिकार दिए हैं उनके अधिकारो पर उनके परिजन अपना हक समझकर जनपद की बैठक में उपस्थिति देते हैं। इतना ही नही वे जनपद के कर्मचारी इंजीनियर से लेकर सीईओ के चेंबर तक पहुंच जाते हैं और खुद ही फाइल पास कराने में माधा पच्ची करते हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया जिसमें सरपंच प्रतिनिधियो ने जनपद के गेट पर ताला जड़ दिया इसके बाद जनपद सीईओ एवं कर्मचारी हरकत में आए सरपंच प्रतिनिधियो के साथ एक सरपंच पर शासकीय काम में बाधा उत्पन्न करने का प्रकरण दर्ज कराया अब देखना यह है की जनपद की बैठक या ग्राम पंचायत की बैठक में चुनी हुई महिला सरपंच ही उपस्थित रहती हैं या फिर उनके प्रतिनिधि का ही बोल बाला चलता रहेगा। सूत्रों की माने तो सारंगपुर विकास खंड की ग्राम पंचायतों में जो महिला सरपंच है उनको शासन की किसी भी योजना का नाम तक नही मालूम है तो गांव में शासन की योजना किसके माध्यम से चल रही हैं,सूक्ष्मता से महिला सरपंचो की पंचायत की जांच हो जाए तो सच्चाई सामने आ सकती हैं।

### सरपंच की जगह सरपंच प्रतिनिधि कर रहे हस्ताक्षर

जिस ग्राम पंचायत में महिला सरपंच है उनके अधिकारो का हनन किस प्रकार किया जा रहा हैं, यह अचंभित करने वाली बात है जैसे पंचायत के निवासी का मूलनिवासी जाति प्रमाण पत्र हो या पंचायत का ठहराव प्रस्ताव रजिस्टर इतना ही नही बैंको में बने डिजिटल डोंगल तक का उपयोग सरपंच प्रतिनिधि कर रहे हैं ऐसे में किसी का गलत प्रमाण पत्र बन जाए या शासकीय धन राशि का गवन हो जाए तो महिला सरपंच के माथे दाम आ जाएगा।

### कई महिला सरपंचो के नाम वसूली के प्रकरण प्रचलित

ग्राम पंचायत की कई पूर्व महिला सरपंच ऐसी हैं जिन पर वसूली के प्रकरण विचाराधीन हैं फिर भी वर्तमान में महिला सरपंच के अधिकारों पर पर्याप्त हनन हो रहा है अब देखना यह है कि शासन प्रशासन इस और ध्यान देता की नहीं।

## खबर संक्षेप

### मालवकीर्ति का होगा नगर प्रवेश



**आष्टा।** राष्ट्रसंत आचार्य भगवंत आनंदऋषि महाराज ,वल्लभ कुंवर महाराज साहब की प्रथम सुशिष्या मालवकीर्ति, उपप्रवर्तनी कीर्तिसुधा, नूतन प्रभा , आराधना श्रीजी, श्रीजी महाराज साहब ठाणा 4 बागली से विहार करके धुराड़ाकलां पहुंचे। शनिवार को सिद्धिकगंज प्रवेश होगा। महावीर भवन जैन स्थानक आष्टा भी पधारेंगे। साध्वी भगवंतो का 14 जून को धुराड़ाकलां में प्रवेश हो गया है। आपका आष्टा प्रवेश भी होगा। श्रद्धालु भाई -बहनों में साध्वी भगवंतों के नगर प्रवेश को लेकर काफी उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल बना हुआ है। पियूष देशलहरा ने बताया कि शनिवार को सुबह 8 बजे मालवकीर्ति आदि ठाणा 4 का सिद्धिकगंज प्रवेश होगा। श्री देशलहरा ने सभी से साध्वी भगवंतों के सिद्धिकगंज प्रवेश में शामिल होने का आग्रह किया है।

### वार्ड 17 में चलाया गया जागरूकता अभियान

**आष्टा।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर पालिका परिषद व सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी की टीम के द्वारा वार्ड नं 17 काछीपुरा राठौर मंदिर के पास महिलाओं को 4 प्रकार के कचरे के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को स्वच्छता के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर बताया कि आप अपने-अपने घरों पर 4 प्रकार के डस्टबिन रखें। नीला, हरा, पीला और काला डस्टबिन। नीले डस्टबिन में सूखा कचरा जैसे कि पन्नी, प्लास्टिक, अखबार, पूस्टा, पानी की बोतल आदि रखें। हरे डस्टबिन में गीला कचरा जैसे- पेड़ पौधे की पत्तियां, प्याज के छिलके, खराब सब्जियां, खराब फल, हरा धनिया, चाय की पत्ती, हरी घास फूस आदि पीला डस्टबिन में - जैव अपशिष्ट जैसे डायपर, सेनेटरी नेपकिन, पट्टी, टिशू, पेपर, ग्लब्स मास्क आदि। काले डस्टबीन में घरेलू हानिकारक कचरा जैसे टूटे हुए कांच, ट्यूबलाइट, प्रयोग में लाई गई ब्लैड, कांच की बोतलें आदि जैसे डालें। कचरे को हमें हमेशा डस्टबिन में रखना चाहिए। इस सहयोगी संस्था एवीएस कंसल्टेंसी की टीम और वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### मच्छरों के पनपने से बीमार हो रहे लोग

**सीहोर।** नगर के अनेक वार्डों में गंदे पानी निकासी के लिए नालियां और नाले नहीं होने से वार्डों में घरों के आसपास खाली प्लाटों में घरों से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है। साल भर गंदा पानी जमा रहने से छोटे-छोटे तालाब बन गए हैं। वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को बीमारी अपने जाल में जकड़ रही है। इसके बाद भी नगर पालिका पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं कर रही है। जिससे वार्डों के लोगों में नपा के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या से पूर्व में नपा अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। वर्तमान परिषद को जल निकासी व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

16 जून तक जिले भर में चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

# जनप्रतिनिधियों के साथ अफसरों ने नर्मदा किनारे साफ-सफाई कर किया पौधरोपण



### कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ और सीएमओ को दिए है निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 16 जून तक जिले भर में चलेगा। इस अभियान के तहत सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण और जीर्णोद्धार का कार्य जिले भर में किया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत दिवस ही जिले के जनपद पंचायत सीईओ और सीएमओ नगरपालिका को निर्देश जारी किये गये है।

चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत नर्मदा के किनारे 14 जून को रेस्टहाउस घाट के समीप नर्मदा के किनारे साफ-सफाई और पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रमाकान्त भार्गव, जनपद अध्यक्ष



महेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष सोनम भार्गव, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश पांडेय, और समस्त पार्षदगण के साथ जनप्रतिनिधि तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बुधनी राधेश्याम बघेल और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुधनी, व नायब तहसीलदार एवं शाहगंज, और मुख्य नगरपालिका



अधिकारी सतीश मालवीय एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के तहत सामुदायिक प्रयास किए जा रहे हैं। जन प्रतिनिधियों से लेकर नागरिक जन तक श्रमदान कर रहे हैं और जल को प्रदूषित होने से बचा रहे हैं।

# बीज उपचार में जुटे किसान जल्द शुरू होगी बोवनी

**बारिश बंद होते ही खेत में ट्रेक्टर चलेगें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



सीहोर जिले की आष्टा जनपद के सिद्धिगंज क्षेत्र में दो दिनों से हो रही बारिश के बाद किसानों ने बोवनी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो संभवत अगले दो तीन दिनों में बोवनी शुरू हो जाएगी।

किसानों ने बताया कि खेत तैयार हो चुके हैं। बारिश बंद होते ही खेत में ट्रेक्टर चलने लगेंगे वैसे ही बोवनी कर दी जाएगी। किसान पूर्व में ही खेती बाड़ी के सारे काम जैसेः जैविक खाद, रासायनिक खाद, खेतो की साफ सफाई, बक्खर आदि सभी कार्यों से निपट गया है। किसान दिनेश करोरिया ने बताया कि कुछ वर्ष से लगातार देखा जा रहा है कि क्षेत्र में कई किसान नकली बीज खरीद लेते हैं। अमानक कंपनियों के प्रतिनिधी सोयाबीन, उड़द, ज्वार, मक्का, मूंग आदि के बीजों को उत्तम बताकर व कम कीमत का प्रलोभन देकर बीज बेचते हैं। जब इन बीजों का निर्धारित अनुपात में अनुकरण नहीं होता है, तब किसानों को ठगी का पता चलता है और तब तक बहुत देर हो जाती है। इससे किसानों की लाखों हेक्टेयर की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। ऐसे में किसानों को कई प्रकार के जोखिम झेलने पड़ते हैं। कृषि विभाग ने इस वर्ष किसानो को समय समय पर सही तरीके बताएं। इससे हमें बहुत फायदा हुआ।

### एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी में ब्लैक पैंथर्स ने वारियर्स को सात रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में खेली जा रही एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी में गुरुवार को खेले गए एक शानदार मुकाबले में ब्लैक पैंथर्स ने वारियर्स स्कावड को सात रन के मामूली अंतर से हराया। इस मौके पर अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा, सहायक कोच गौरव पिचोनिया, मनोज दीक्षित मामा और मदन कुशवाहा आदि ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्लैक पैंथर्स ने निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 68 रन बनाए थे। इसमें जयंत ने 28 गेंद पर 19 रन, कनिष्क सक्सेना ने 13 रन बनाए थे। वहीं सलामी बल्लेबाज विनायक लोधी शून्य के निजी स्कोर पर अलिसगर अली की गेंद पर आउट हो गए थे। इधर वारियर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए अलिसगर अली ने दो ओवर में सात रन देकर दो विकेट, प्रणव ने दो ओवर में 13 रन देकर एक विकेट, कबीर शर्मा ने दो ओवर में 16 रन देकर एक विकेट और विकुल राठौर ने एक ओवर में तीन रन देकर एक विकेट हासिल किया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी वारियर्स ने निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 61 रन बनाए। इसमें सूर्या शर्मा ने 19 गेंद पर 11 रन और युवराज सेन ने नाट आउट 16 गेंद पर 10 रन की शानदार पारी खेली।

## ग्रामीणों की भागीदारी से चल रहा अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत तालाबों के गहरीकरण का काम किया जा रहा है। इसको लेकर सीहोर जिले की आष्टा जनपद के जसमत के ग्रामीणों की जनभागीदारी देखने को मिल रही है। गांव में 4 एकड़ में फैली हुई तलाई के गहरीकरण के काम में सारा खर्चा ग्रामीण कर रहे हैं। गांव के रोजगार सहायक रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह ने बताया- कि अभी फिलहाल तलाई की गहराई का काम करीबन 10 फीट होगा। इसके गहरीकरण के बाद इसमें बारिश का पानी एकत्रित करने की क्षमता बढ़ेगी। बारिश के समय जब इसमें पानी भर जाएगा तो ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

## बारिश के कारण गर्मी से राहतः अगले तीन दिनों तक रुक-रुककर बरसात की बन रही संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी के साथ बीते 12 घंटे में जिले में अनेक स्थान पर कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश दर्ज हुई। जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। आज सुबह से भी आसमान पर काले घने बादल छाए हुए हैं। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि अभी तीन दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सिस्टम के कारण जिले में अनेक स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि 19 और 20 जून को चक्रवर्ती तूफान का असर देखने को मिल सकता है। बताया गया है कि अभी दक्षिण से हवाएं चल रही है, जो आने वाले दिनों में पश्चिम से हो जाएगी। जिसके कारण मौसम में और भी परिवर्तन देखने को मिल सकता है, लेकिन जिले में अभी तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने का दौर जारी रहेगा। 19 और 20 जून को तेज हवाओं के साथ बारिश के अलावा ओले गिरे की भी संभावना है।

## अणु मित्र मंडल के चुनाव संपन्न, कुलदीप बनवट अध्यक्ष और रोनक देशलहरा को बनाया महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री महावीर भवन स्थानक में अणु मित्र मंडल की बैठक मनोज देशलहरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से कुलदीप बनवट को अध्यक्ष एवं रोनक देशलहरा को महामंत्री चुना गया। अणु मित्र मंडल की बैठक में अध्यक्षता कर रहे भरत देशलहरा ने अपने कार्यकाल में दिए गए सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए नवीन कार्यकारिणी को भी सहयोग करने की बात कही। श्री देशलहरा ने नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु आयोजित बैठक में चुने गए पदाधिकारियों की जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष कुलदीप बनवट ,महामंत्री रोनक देशलहरा, कोषाध्यक्ष श्रेयांश बनवट ,उपाध्यक्ष भास्कर देशलहरा एवं



मोहित रांका तथा मीडिया प्रभारी. सोमिल रांका को चुना गया। अणु मित्र मंडल अध्यक्ष कुलदीप बनवट सहित सभी नव निर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारियों को अणु मित्र मंडल के मनोज देशलहरा, अभिषेक सुराणा, राहुल रांका, भारत देशलहरा,अंशुल रांका, श्रेयांश बनवट, रोनक देशलहरा, महिम देशलहरा, रजत ललवानी, भास्कर देशलहरा आदि ने बधाइयां दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सम्मान कर दी बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महिला बाल विकास विभाग आष्टा में पदस्थ पुरुषोत्तम बाहेती के सेवानिवृत होने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजरों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सेक्टर भंवरा की सुपरवाइजर रेखा व्यास एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा श्री बाहेती का विदाई समारोह का आयोजन ग्राम भंवरा में किया गया। जिसमें काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए। इस अवसर पर श्री बाहेती ने कहा कि मैं आष्टा में 34 वर्षों से पदस्थ रहा। इस अवधि में आप सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, कार्यालय स्टाफ का भरपूर सहयोग मुझे मिला एवं योजनाओं का क्रियान्वन करने में आप लोगों के कारण महिला बाल विकास विभाग की एक अलग ही छवि बनी। आज के इस विदाई समारोह में आपके द्वारा मेरा किया गया सम्मान के लिए मैं आप लोगों का बहुत-बहुत आभारी हूं। इस अवसर पर जून में सेवानिवृत होने वाली पर्यवेक्षक श्रीमती कविता कावडे को भी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन रेखा व्यास पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।

**5 जून से 20 जून तक महाविद्यालय में चल रहा जल संरक्षण पखवाड़ा**

# जल संरक्षण करने छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा जिला सीहोर में 5 जून से 20 जून तक चल रहे जल संरक्षण पखवाड़ा के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं और स्टॉफ को शपथ दिलायी गयी कि हम सभी जल संरक्षण करेंगे और इसकी शुरुआत अपने आप से ही हमे करना होगी। एन.सी.सी. प्रभारी डॉ.कृपाल विश्वकर्मा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को कहा कि आप अगर रोज 1 मग ही पानी बचाते है तो सप्ताह में तीन बाल्टी होगा तो हम ये सोच सकते है कि हम खुद अपने स्तर से अगर शुरुआत करे तो हमारा देश के लिये बहुत बड़ा योगदान होगा। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ.ललिता राय ने इस अवसर पर कहा कि हमें जल आंदोलन को जन-आंदोलन बनाना है तथा वर्षा का जो पानी है उसे भी अपने स्तर पर सहेजना है।

इस वर्ष क तापमान में जो वृद्धि हो रही है हमने देखा इसका मुख्य कारण यही है हम पर्यावरण का संरक्षण नही कर रहे है उसका दोहन अधिक हो रहा है। अगर हम चाहते है अपने ग्रह को बचाना है जो आज हमने जो शपथ ली है उसका पालन हमें



करना होगा। महाविद्यालय में इस पखवाड़े के अन्तर्गत प्रतिदिन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर डॉ. बेला सुराणा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, सुमित भूतिया एवं विरेन्द्र निमोरिया उपस्थित रहें।

## महिलाओं को कचरे की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नपाध्यक्ष अध्यक्ष हेमकुवर राय सिंह मेवाडा, नपा सीएमओ राजेश सक्सेना के आदेशानुसार व सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी की टीम के द्वारा वार्ड नं 17 काछी पूरा राठौर मंदिर के पास महिलाओं को 4 प्रकार के कचरे के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वच्छता के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक किया और बताया कि आप अपने-अपने घरों पर 4 प्रकार के डस्टबिन रखें। नीला , हरा, पीला , और काला, डस्टबिन रखे। नीले डस्टबिन में। सुखा कचरा जैसे पन्नी प्लास्टिक अखबार पूस्टा लोहा का पानी की बोतल आदि रखें। हरा डस्टबिन में गीला कचरा में- जैसे पेड़ पौधे की पत्तियां प्याज के छिलके, खराब सब्जियां, खराब फल, हरा धनिया, चाय की पत्ती, हरी घास फूस आदि शामिल है। पीला डस्टबिन में - जैव अपशिष्ट जैसे डायपर, सेनेटरी नेपकिन, पट्टी, टिशू, पेपर, ग्लब्स मास्क आदि शामिल है। काले डस्टबीन में- घरेलू हानिकारक कचरा जैसे टूटे हुए काच, ट्यूबलाइट, प्रयोग में लाई गई ब्लैड, काच की बोतले आदि जैसे डालें। कचरे को हमें हमेशा डस्टबिन में रखना चाहिए। इस अवसर पर सहयोगी संस्था एवीएस कंसल्टेंसी की टीम ज्ञान सिंह बामनिया, उत्तम सोलंकी, कामेश और वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी।